सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 63 | इंदौर, शुक्रवार 08 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. MS Dhoni w: डोनाल्ड ट्रंप के मेहमान बने धोनी, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने माही के साथ खेला गोल्फ
2. G20: शिखर सम्मेलन से विदेश नीति को धार देने की तैयारी, इन नेताओं के साथ 15 द्विपक्षीय बैठकें करेंगे पीएम मोदी

स्वामीनारायण संगठन का दुष्प्रचार..

घनश्याम पांडे की सेवा में...

विष्णु, महेश, ब्रह्मा तथा अन्य देवी देवता...?

कपटी लोगों द्वारा निज स्वार्थसाधन हेतु सनातन पर सीधा प्रहार! धर्मप्रेमी जनमानस में भ्रम फैलाने का कुत्सित प्रयास!

पुष्पेन्द्र पुष्प
editor@dgr.co.in

स्वामीनारायण संगठन और उनके अनुयायियों द्वारा कथित घनश्याम पांडे को दशाअवतार के रुप में दिखाई जा रहा है... कही पर भगवान कृष्ण, राम, शिव, ब्रह्मा, विष्णु या अन्य सभी भगवानों को घनश्याम पांडे के द्वारपाल और उनकी सेवा में प्रदर्शित किया जा रहा है... जो दुष्प्रचार है , घोर निंदनीय भी है साथ ही सनातन धर्म के मानने वाले लोगों के लिए अपमान जैसा है... घनश्याम पांडे के अनुयाई उन्हें भगवान बता रहे हैं... जो कि सरासर गलत है...ऐसे कई पुस्तकों/ चित्रों द्वारा घनश्याम पांडे के अनुयायियों का यह दुष्प्रयास है कि हमारे देवी देवता सनातन धर्म के रक्षक घनश्याम पांडे से कमतर हैं... उन्होंने घनश्याम पांडे की सेवा में... राम, कृष्ण, शिव, हनुमान, विष्णु, महेश, ब्रह्मा तथा अन्य देवी देवताओं को बताया है... !

विस्तृत पेज 3 पर पढ़िए

नगर भ्रमण पर निकलेंगे शिवमल्हार

10 सितंबर को धूमधाम से निकलेगी पालकी, मराठी समाज में उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वामी समर्थ मंडल द्वारा 10 सितंबर रविवार को ऊषा नगर स्थित शिवमल्हारी मार्तण्ड मंदिर से भव्य शिव मल्हार पालकी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिव मल्हार नगर भ्रमण पर निकलेगें। पालकी यात्रा में साधु-संत, महंत और भजन मंडलियां भी शामिल रहेंगी। यात्रा मार्ग पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शिवमल्हार पालकी यात्रा में देश -प्रदेश और शहर में पर्याप्त वर्षा, खुशहाली की कामना भी शिव मल्हार से की जावेगी। और अभिषेक अनुष्ठान होगें। श्री स्वामी समर्थक मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि पालकी यात्रा सुबह 11.30 बजें उषा नगर स्थित श्री शिवमल्हारी मार्तण्ड मंदिर से प्रांरभ होगी और रंजीत हनुमान रोड़ से होते हुए छत्रपति शिवाजी पेडी चौराहा से पुनः मार्तण्ड मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में सभी मराठी समाजजनों के अलावा अन्य समाजों के लोग औ? शिवभक्तों के अलावा इंदौर के आसपास के क्षेत्रो के श्रृध्दालुजन भी शामिल होंगे। पालकी यात्रा का यह आठवां वर्ष है। मंडल द्वारा यात्रा को सुचारू बनाने के लिए अलग अलग समितियां बनाकर लोगो को दायित्व दिया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने किया लर्निंग सेंटर का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों के अन्तर्गत, पुलिस परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु उन्हें प्रतियोंगिता परीक्षाओं की तैयारी व पढ़ाई के लिये एक सर्वसुविधाजनक लाइब्रेरी व माहौल उपलब्ध कराने उद्देश्य से, पुलिस के लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्घाटन आज डीआरपी लाईन इन्दौर में श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मकरंद देऊस्कर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि, पुलिस परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए, इस लर्निंग सेंटर को प्रारंभ किया गया है। यहां पर समसायिक विषयों की विभिन्न पत्रिकाएं, सभी प्रमुख हिन्दी व इंग्लिश समाचार पत्र एवं विभिन्न विषयों की पुस्तकों का संग्रह किया गया है, ताकि बच्चें यहां आकर इनका अध्ययन कर सके व अपने बेहतर करियर हेतु विभिन्न प्रतियोंगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। यहां आने वाले बच्चों को समय- समय पर विषय विशेषज्ञों व पुलिस अधिकारियों द्वारा करियर काउंसलिग भी की जावेगी जिससें कि, बच्चें अपनी प्रतिभाओं के अनुसार, अपने भविष्य के लिये उचित राह चुन सकें।

क्रिश्चियन अस्पताल में लॉन्ग टर्म केयर सेंटर का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **केयर कंटिन्यूअम प्राइवेट लिमिटेड एक ऐसी कंपनी है जो पिछले 10 सालों से कोलकाता शहर में घर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा और बुजुर्गों के देखभाल कि सेवा प्रदान कर रही है। यह संस्था अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके मरीज और अकेले रह रहे बुजुर्गों को सेवाएं प्रदान करती है। यह करने के लिए कंपनी ने विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट डॉक्टर, नर्स, फिजियोथैरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञ, मूवमेंट थैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, केयर कोऑर्डिनेटर, केयर असिस्टेंट कि एक बड़ी टीम खड़ी कि है।**

डॉ. राना मुखर्जी, मैनेजिंग (डायरेक्टर केयर कंटिन्यूअम) ने बताया की -यह टीम पर्यवेक्षित नर्सिंग, विशेष फिजियोथेरेपी, मूवमेंट साइकोथेरेपी, डिमेंशिया की देखभाल, व्यापक स्ट्रोक देखभाल, प्रशामक देखभाल और जीवन के अंतिम समय की देखभाल और घर पर आईसीयू जैसी सेवाएं प्रदान करती है। सफलतापूर्वक घर में स्वास्थ्य सेवा और बुजुर्गों की देखभाल का मॉडल स्थापित करने के बाद, कंपनी ने अब यह निर्णय लिया है कि यह सेवाएं इंदौर में भी शुरू की जायेगी , क्योंकि जिन इंदौरवासी लोगों ने कोलकाता में इन सेवाओं को देखा था, उन्होंने यह सेवाएं उनके शहर में शुरू किए जाने कि मांग की थी। सुश्री मैत्री भट्टाचारजी, फाउंडर डायरेक्टर केयर कंटिन्यूअम ने बताया की - कोलकाता में घर पर यह सेवाएं प्रदान करते समय ही कई लोगों ने एक ऐसी भी फैसिलिटी की मांग उठाई थी, जिसमें चिकित्सकीयान निगरानी के तहत यह सेवाएं प्रदान की जा सके। ऐसे मरीज जिन्हें गहन फिजियोथैरेपी रिहैबिलिटेशन कि जरूरत है जैसे कि स्ट्रोक के मरीज और बड़े ट्रामा के मरीज, बड़ी सर्जरी के बाद में चरणबद्ध देखभाल, प्रशामक देखभाल और जीवन के अंतिम समय में देखभाल, डिमेंशिया के मरीजों की देखभाल कुछ ऐसे क्षेत्र है जिनके मरीज ऐसी फैसिलिटी में दीर्घकाल तक रह सकते हैं और लाभ ले सकते हैं।

सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री का कल जलाएंगे पुतला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तमिलनाडु मंत्री उदयनिधी स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर की गयी अपमानजनक एवं असंवैधानिक टिप्पणी के विरोध में वरिष्ठ नागरिक संगठन एवं परशुराम सेना, संचार नगर, वैभव नगर, आलोक नगर, गोकुल नगर ,मित्र बंधू नगर सहित पूर्वी क्षेत्र के समस्त नागरिको द्वारा कल 8सितंबर को संध्या 8 बजे वैभव नगर चौराहे पर उक्तमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष आर. के. शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तामिलनाडू के वर्तमान राज्य मंत्री उदयनिधी स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया एवं डेंगू बीमारी पैदा करने वाले वायरस से की है। एवं सनातन धर्म को नष्ट करने का गैर जिम्मेदाराना असंवैधानिक प्रणित बयान देकर समस्त सनातन धर्मियों का अपमान एवं समाज में कटुता पैदा करने का दुष प्रयास किया है। सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनाम की कामना करने वाला विश्व का प्राचीनतम धर्म हैं हमारे सनातनी ऋषियों ,मुनियों एवं अवतारों का अपमान हैं। यह वेद, पुराण, रामायण, गीता एवं अन्य सनातन धर्म ग्रन्थ के रचियता का अपमान हैं।

समाज का दिशा दर्शन करता है शिक्षक

म. प्र. अशासकीय शिक्षण परिषद ने शिक्षको को किया सम्मानित

इंदौर। एक शिक्षक विधार्थियो को ही नहीं पढ़ाता वरन समाज को भी दिशा दर्शन देता है। ये विचार वरिष्ठ   समाज सेवी मोहनलाल सोनी के हैं जो उन्होंने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहे। म, प्र, अशासकीय शिक्षण परिषद ने शिक्षक दिवस पर यह आयोजन रामबाग स्थित एक निजी स्कूल में किया था। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष सत्य नारायण सलवाडिया ने की। इस मौके पर शिक्षक राघव मिश्रा, अशोक देवडा, श्रीमती राजकुमारी शर्मा, राजाराम बोरासी, श्रीमती चंद्रेस यादव का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। अतिथि स्वागत प्रहलाद शर्मा ने किया। संचालन किया संजय मालवीय ने। आभार माना किशोर गुप्ता ने।

सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मेघना जैन को बनाया मुख्य संयोजक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी, इंदौर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता द्वारा 19 सितंबर से शुरू हो रहे पर्युषण महापर्व के सांस्कृतिक आयोजनों के लिए टीम का गठन किया गया है। इसमें मुख्य सयोजक का दायित्व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती मेघना जैन को दिया गया है। जानकारी देते हुए सरंक्षक रेखा जैन, कल्पना जैन और सुयश जैन ने बताया की मुख्य सयोजक मेघना जैन के साथ ही समन्वयक के पद पर महिला प्रकोष्ठ की मार्गदर्शक पूजा कासलीवाल और महासचिव सोनम जैन अभिनंदन को लिया गया है। इसके साथ ही युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष यश जैन को संपूर्ण आयोजन का मुख्य प्रभारी और महावीर जैन को सहप्रभारी बनाया गया है।

कटाक्ष

आत्मा परियोजना अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए किसान भाई 15 सितंबर तक करें आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आत्मा परियोजना अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन लिए जा रहे है। वर्ष 2022-23 के पुरस्कार के लिए किसान 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। किसान अपने आवेदन विकासखण्ड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय स्तर पर आत्मा परियोजना के बीटीएम और एटीएम को प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही कृषि अधारित समूह भी सर्वोत्तम समूह पुरस्कार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार विकासखण्ड स्तर पर 10 हजार एवं समूह पुरस्कार 20 हजार की राशि सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार जिला स्तर 25 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से प्रदाय की जाती है।

शहरी बस्तियों में एनीमिया व पोषण पर सत्र का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अर्बन हैल्थ रिसोर्स सेंटर द्वारा बाणगंगा क्षेत्र की राम नगर बस्ती में राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य मे जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बस्ती की किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को एनीमिया (खून की कमी), पोषण और इनके स्वास्थ्य पर प्रभाव के विषय में चार्ट व के माध्यम से चित्रों द्वारा विस्तापूर्वक जानकारी दी गईं, इसके साथ-साथ किशोरी बालिकाओं को हीमोग्लोबिन बढ़ाने हेतु आयरन फोलिक एसिड टैबलेट खिलाई गई और 6 माह से 2 वर्ष से छोटे बच्चों को आयरन का सीरप पिलाया गया।**

इन सभी किशोरी, गर्भवती व धात्री महिलाओं को निरंतर दवाई मिल जाये और वे इसे नियत समय पर लेना निरंतर जारी रखें, इसके लिये लिये आगामी समय में यूएचआरसी की और से संस्था कार्यकर्ता एवं बस्ती स्तर पर चयनित वॉलिन्टयर प्रेमलता द्वारा सतत मॉनीटरिंग की जायेगी, तथा उनके द्वारा अपने समक्ष ही दवा का डोज दिया जायेगा। इस सत्र में किशोरी बालिकायें, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं ने भाग लिया और उसे ध्यान से सुनने में रूचि दिखाई। इसके साथ साथ उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। संस्था अर्बन हैल्थ रिसोर्स सेंटर की और से स्त्रोत पर्सन के रूप में शबनम वर्मा, कनुप्रिया कोठीवाल, देवकीनंदन षिवहरे, षिवानी विष्वकर्मा, अनुष्का पोद्दार कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

घनश्याम पांडे की सेवा में... विष्णु, महेश, ब्रह्मा तथा अन्य देवी देवता...?

सनातन का सीधा अर्थ हमारी संस्कृति और संस्कार हैं..यही संस्कार हमारे सनातन रूपी आधार स्तंभ है लाखों सालों से हमारे आराध्य सनातन के प्रतीक हैं । लाखों सालों से साधु संतों का विवरण हमें मिलेगा जिन्होंने अपने चरित्र,आचरण ,व्यवहार से सनातन ज्योति को प्रखरता दी है आज की पीढ़ी भी उसी अनुरूप धर्म का आचरण करती है अनेक संप्रदायों से सनातन धर्म की ध्वजा लहरा रही है और लहराती रहेगी .लेकिन हां समय-समय पर इसे खंडित करने का , कमजोर करने का अपने अनुसार ढालने का कुछ व्यक्तियों , संगठनों द्वारा कुत्चित प्रयास किया जाता रहा है ।

ऐसा ही कुछ प्रयास गुजरात के स्वामीनारायण संगठन द्वारा किया जा रहा है .हाल ही में सारंगपुर में हनुमान जी महाराज को उक्त संगठन के विशिष्ट व्यक्ति की सेवा में भित्तिचित्र द्वारा बताया गया , जिसका विवाद इतना बढ़ गया कि संतो साधुओं के विरोध के कारण उक्त भित्तिचित्रों को हटाने का निर्णय प्रेस कॉन्फ्रेंस के द्वारा क्षमा मांगते हुए स्वामीनारायण संगठन के कर्ताधर्ताओ ने सूचित किया ।

लेकिन इसी स्वामीनारायण संगठन के द्वारा अन्य तरीकों से भी सनातन धर्म के आधार ,हमारे परम श्रद्धा के केंद्रपूंजो के देवी देवताओं को स्वहित साधन के रूप में कपटता से प्रयोग कर भोलीभाली धर्मप्रेमी जन मानस को भ्रमित किया जा रहा है जो हम सब के लिए निंदनीय के साथ साथ विचारणीय भी है कि कैसे इन स्वार्थगत और कपटी लोगो द्वारा हमारे सनातन धर्म को नुकसान दिया जा रहा है।

इन कपटी स्वार्थी लोगो द्वारा दुष्प्रचार कर भगवान वेदव्यास के श्लोक तोड़मरोड़ कर किसी घनश्याम पांडे के अवतारी होने का उल्लेख किया ...असत्य की बुनियाद पर तथाकथित रूप से तर्क दिया जा रहा है अवतार लेने और देवी देवताओं से ऊपर बताने का , उनसे श्रेष्ठ बताने का प्रचार किया जा रहा है...

यह घनश्याम पांडे है कौन? हमारे देवी देवता उनको प्रणाम कर रहे हैं...हनुमान जी उनकी सेवा कर रहे हैं... कहीं शिव पार्वती को उनकी सेवा में दिखाया गया है... तो पार्वती जी घनश्याम पाडे को राखी बांधते हुए दिखाया गया है... लक्ष्मी जी और गंगा जी को भी कमतर दिखाया जा रहा है... वही सूर्य नारायण को भी प्रश्न अंकित किया गया है...ब्रह्मा विष्णु महेश द्वारा घनश्याम पांडे को स्नान करते हुए दिखाया गया है... हाथ जोड़े खड़े हुए दिखाया गया है... हिमालय पर्वत को इस तरह दिखाया गया है... कि जैसे वह घनश्याम पांडे को दर्शन करने आए हैं...स्वामीनारायण संगठन द्वारा इस तरह का साहित्य जो लाखों पुस्तकों की श्रृंखला में है जिसमे हमारे सनातन धर्म तथा भगवान जो ईश्वर है उनको तथाकथित घनश्याम पांडे की सेवा में दिखाया गया है...

जो सनातन धर्म के मानने वाले हैं वह स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं... तथा ऐसे दुष्प्रचार पर प्रतिबंध एवम पाबंदी की दरकार कर रहे हैं । साधु संत इसे समय की कसौटी पर एक बड़ा प्रश्न भी मान रहे हैं...

क्या तथाकथित घनश्याम पांडे हमारे सनातन धर्म के लिए खतरा है...?

क्या तथाकथित घनश्याम पांडे और उनको मानने वाले स्वार्थी लोग भी वर्तमान समय में हमारे सनातन धर्म के लिए एक खतरा है ..? डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट अपने जनहितार्थ संकल्प 'सतर्क रहें सजग रहे अभियान' के अनुसार आपसे यह निवेदन करता है कि विचार कीजिए! निर्णय कीजिए ! और ऐसे सभी कपटी प्रवृत्तियों को पहचानते हुए विरोधस्वरूप बहिष्कार कीजिए..!

। सनातन धर्म की जय ।।

गोलू अग्निहोत्री इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष

अमन बजाज प्रदेश महामंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। इंदौर में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। गुरुवार को मप्र कांग्रेस कमेटी ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त होने पर गोलू अग्निहोत्री ने कहना है पार्टी ने मुझे बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। पार्टी का काम पूरी ईमानदारी से करूंगा।

कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त हुए गोलू अग्निहोत्री को कमलनाथ का खास समर्थक बताया जाता है। बताया जा रहा है कि 6 जुलाई को मप्र कांग्रेस ने शहर कांग्रेस की कुर्सी की कमान सुरजीत सिंह चढ्ढा के हाथ में दी थी। चढ्ढा के साथ ही इंदौर में तीन से चार कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त करने की बात कहीं जा रही थी। लेकिन सूत्रों का कहना है कि कमलनाथ के समर्थक सिंगल कार्यवाहक अध्यक्ष पर अड़े हुए थे। जिस कारण कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करने में 2 माह से ज्यादा का समय बीत गया। इंदौर शहर कार्यवाहक अध्यक्ष बनने के लिए 5 से ज्यादा नाम कांग्रेस आलाकमान के पास पहुंचे थे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव अफसर पटेल और सचिव राजेश चौकसे ने बताया कि इंदौर यूवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व इंदौर 5 से टिकट की दावेदारी कर रहे अमन बजाज का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। बताया जा रहा है कि यूथ कांग्रेस का संगठन अमन के टिकट के लिए लॉबिंग कर रहा था, जिसके बाद आलाकमान ने बजाज को महामंत्री पद पर नियुक्ति देकर एडजस्ट किया है। वहीं राऊ विधानसभा से आने वाले कांग्रेस नेता डॉ. संजय कामले को भी प्रदेश महामंत्री बनाया गया है।

सीएम बोले- जिन्हें आक्रोश मिलेगा, वे जनाक्रोश यात्रा ही निकालेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के बाद कांग्रेस भी मध्यप्रदेश में यात्राएं निकालने जा रही है। इन यात्राओं को ह्यजन आक्रोशह्ण नाम दिया गया है। कांग्रेस की यात्रा पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ह्यभाजपा को जनता का प्यार, आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। जिन्हें प्यार मिलेगा, वे जन आशीर्वाद यात्रा निकालेंगे और जिन्हें आक्रोश मिल रहा है, वे जन आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, आक्रोश इसलिए है कि उन्होंने 900 वचन पूरे नहीं किए। मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। जन-धन वे खा गए। प्रधानमंत्री की जल-जीवन स्कीम शुरू नहीं की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में नाम नहीं भेजे। दो लाख पीएम आवास वापस लौटा दिए। संबल योजना बंद कर दी, बहनों को छला, बेटियों की शादी करा दी, लेकिन राशि नहीं दी। भांजे-भांजियों के लैपटॉप छीन लिए। साइकिल देना बंद कर दी, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा करवाना बंद कर दी थी, इसीलिए आक्रोश है।

सीएम ने गुरुवार को भोपाल के जंबूरी मैदान पर 25 सितंबर को होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ के लिए भूमि पूजन किया। इस दिन भाजपा की पांचों जन आशीर्वाद यात्राएं यहां पहुंचेंगी। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आ सकते हैं।

वीडी बोले- माफी मांगने की यात्रा निकाले कांग्रेस

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, ह्यकांग्रेस को माफी मांगने की यात्रा निकालनी चाहिए। जो झूठ बोला था, उसको जनता को बताएं। माफी मांगें कि 15 महीने की सरकार में हम कुछ नहीं कर पाए। मिस्टर बंटाधार दिग्विजय सिंह का चेहरा देखना जनता को पसंद नहीं। बंटाधार खुद कहते हैं कि मैं आता हूं तो जनता वोट काट देती है।

◆ 15 सितंबर से कांग्रेस निकालेगी यात्राएं

कमलनाथ के बंगले पर बुधवार को कांग्रेस की कैंपेनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। इसमें यह तय हुआ कि 15 सितंबर से प्रदेश भर में सात जन आक्रोश यात्राएं निकाली जाएंगी। इन यात्राओं की शुरूआत कैंपेनिंग कमेटी के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, जीतू पटवारी, अजय सिंह राहुल, अरुण यादव अपने-अपने क्षेत्रों से करेंगे। बैठक में दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के नेताओं को भी यात्रा की जिम्मेदारी देने की बात उठी है। यह भी तय हुआ कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ प्रदेश भर में यात्राओं के दौरान बड़ी सभाओं में शामिल होंगे। इन यात्राओं को लेकर क्षेत्रीय मुद्दे और करप्शन के बड़े मामलों को भी जनता के सामने रखा जाएगा।

पं. मिश्रा बोले...तो वो भी कोरोना-डेंगू की औलाद कहलाएंगे

स्टालिन के बयान पर प्रतिक्रिया; शिवराज बोले-जो सनातन का विरोध कर रहे, उनका राजनीतिक अंत होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। सनातन की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से करने वाले डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन पर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ह्यअगर सनातन धर्म को डेंगू-कोरोना कहते हैं तो वो भी कोरोना और डेंगू की औलाद ही कहलाएंगे। कथावाचक मिश्रा इन दिनों छिंदवाड़ा में हैं। वे यहां 5 से 9 सितंबर तक 16 सोमवार के महत्व पर कथा कर रहे हैं। सिमरिया हनुमान में तीसरे दिन की कथा से पहले मीडिया से बातचीत में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा - ह्यउनके माता-पिता से पूछा जाए, वे सनातनी नहीं हैं उनके दादा-परदादा सनातनी नहीं थे? अगर सनातन धर्म को डेंग, मलेरिया और कोरोना कहते हैं तो वो भी तो कोरोना और डेंगू की औलाद ही कहलाएंगे।

धर्म और राजनीति के सवाल पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा, ह्यआदिकाल से राजनीति और धर्म एक साथ चले आ रहे हैं। दशरथ जी महाराज हों, जनक जी महाराज हों, विक्रमादित्य महाराज हों, इनके साथ धर्मगुरु बैठते आए हैं। वे अपना मार्गदर्शन देते रहे हैं। राजनीति में धर्म अपना मार्गदर्शन थोड़ा-थोड़ा देता रहा है। पूर्ण तरह से धर्म के अंदर राजनीति नहीं होना चाहिए, न ही राजनीति के अंदर पूरी तरह से धर्म होना चाहिए।

सीएम बोले, सनातन विरोधियों का राजनीतिक अंत होगा- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ह्यजो सनातन का विरोध कर रहे हैं, उनका राजनीतिक अंत जरूर होगा।ह्ण सीएम ने यह बयान भोपाल में दिया। 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में कार्यकर्ता महाकुंभ होने जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को यहां भूमि पूजन किया। सीएम इस भूमि पूजन में शामिल हुए।

13 महीने बाद जेल से बाहर आए मिर्ची बाबा

भोपाल कोर्ट ने रेप केस में किया बरी, पीड़ित ने कोर्ट में आरोपी को पहचानने से किया इंकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। रेप के आरोप में भोपाल की सेंट्रल जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा 13 महीने बाद जेल से बाहर आ गए। भोपाल की कोर्ट ने उन्हें रेप केस में बरी कर दिया है। बुधवार दोपहर में कोर्ट का फैसला आने के बाद रात को मिर्ची बाबा को जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से रिहा होते ही मिर्ची बाबा ने कहा- सत्य की जीत हुई है। कांग्रेस से नजदीकी होने के चलते मुझे फंसाया गया। गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की लड़ाई जारी रहेगी।

रायसेन की 28 साल की निःसंतान महिला ने मिर्ची बाबा पर नशीली भभूति खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पीड़ित महिला ने 8 अगस्त 2022 को भोपाल के महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद मिर्ची बाबा के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया था। इसके अगले दिन यानी 9 अगस्त 2022 को पुलिस ने मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। मिर्ची बाबा के वकील श्रीकृष्ण घोंसले के मुताबिक, पीड़िता जिस दिन भोपाल में रायसेन रोड स्थित मिनाल रेसीडेंसी में घटना होने की शिकायत की थी। उस दिन मिर्ची बाबा ग्वालियर में थे। इसके कई अलग-अलग सबूत दिए गए थे। जिनमें फोटो वीडियो तक कोर्ट में अभियोजन पक्ष को सौंपे गए थे।

कोर्ट में बाबा को देखकर पीड़िता ने कहा - यह वह व्यक्ति नहीं, जिसने गलत काम किया

पीड़ित ने कोर्ट में मौजूद आरोपी मिर्ची बाबा को देखकर कहा कि यह वह व्यक्ति नहीं है, जिसने गलत काम किया है। उसने बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले हो चुकी है और उसके बच्चे नहीं है। उसने बैनर पर नंबर देखकर फोन लगाया था। वह फोन नंबर गोपाल का था। वह अकेले ऑटो से बाबा के आश्रम गई थी। वहां गोपाल भी था।

पहलवान और अभिनेता ने किए महाकाल दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में देश की प्रसिद्ध हस्तियां दर्शन के लिए पहुंचती हैं। गुरुवार को सुबह भस्म आरती में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान और दक्षिण की फिल्मों के अभिनेता ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। दोनों ही हस्तियों ने कहा महाकाल के दरबार में आकर वे अभिभूत है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को तड़के भस्म आरती में दर्शन के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स में 72 भार समूह वर्ग में फ्री स्टाइल कुश्ती खेलकर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले होने के लिए पहलवान नृसिंह यादव एवं दक्षिण भारत के अभिनेता कबीर दुहान सिंह मंदिर पहुंचे। मंदिर में भस्म आरती के बाद पुजारी राघव शर्मा ने भगवान महाकाल का पूजन विधि विधान से कराया। भस्म आरती में शामिल होकर दोनों ही वीआईपी अभिभूत नजर आएं। श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से अभिनेता कबीर और पहलवान नृसिंह यादव का भगवान महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया।

तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को रौंदा, एक किशोर की मौत

दूसरे की हालत नाजुक, पुलिस ने बस की जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। तैय्यब अली चौक में गुरुवार की दोपहर सिग्नल में खड़े दो किशोरों को पीछे से आ रही मेट्रो बस ने रौंद दिया। जिसके चलते एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे कि इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मेट्रो बस चालक को पकड़कर ओमती थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर बस को जप्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक दोपहर को नागरथ चौक के पास बने मैकेनिक जोन काम करने वाले दो किशोर सुहेल (17) और निहाल (16) किसी काम से लौटकर दुकान जा रहें थे। रेड सिग्नल हुआ तो उन्होंने अपनी बाइक खड़ी कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों किशोर बस के नीचे आ गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने बस के नीचे फंसे लड़कों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक किशोर ने मौके पर ही मौत हो गई।

संपादकीय

दम दिखाने का मौका

क्रिकेट को बाकी खेलों के मुकाबले ज्यादा अनिश्चितताओं का खेल कहा जाता है। इसके बावजूद क्रिकेट खेलने वाले सभी देशों की टीमें इसमें अपनी आखिरी हद तक जीत की कोशिश करती हैं। खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करना किसी भी टीम का सपना होता है। लेकिन इसमें बाजी वही टीम मारती है, जो अपने सामने खड़ी होने वाली सभी तरह चुनौतियों का सटीक अंदाजा लगा पाती है। विश्वकप प्रतियोगिताओं में भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी अच्छी साख बनाई है और दुनिया की मजबूत टीमों में शुमार की जाती है। हालांकि अनेक मौकों पर विश्वकप के मैचों में टीम को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिली, लेकिन यह मैदान के हालात पर निर्भर है कि उसमें कितना दम दिखाने का मौका मिला। अपनी मजबूत स्थिति और छवि को बनाए रखने के लिए भारत की ओर से हर कोशिश की जाती है और इसी को मद्देनजर रखते हुए टीम का भी चयन किया जाता है। यों मैदान में प्रदर्शन से ही किसी की वास्तविक क्षमता का पता चल पाता है, लेकिन विश्वकप जैसी प्रतियोगिता के लिए चुने गए खिलाड़ियों की टीम को आमतौर पर अनुभव और ऊर्जा की कसौटी पर आंका जाता है। इस लिहाज से देखें तो विश्वकप प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को जिस भारतीय टीम की घोषणा की गई, उसमें चुने गए खिलाड़ियों के समीकरण को मैदान में सभी मोर्चों को साधने की कवायद कहा जा सकता है। कप्तानी रोहित शर्मा के पास रहेगी और टीम के उपकप्तान हार्दिक पांड्या होंगे। टीम में पंद्रह खिलाड़ियों को चुना गया है, लेकिन इनमें तीन को हरफनमौला कहा जा सकता है, चार गेंदबाज और सात बल्लेबाज हैं। इस प्रतियोगिता में भारत के सामने जो मुख्य चुनौतियां होंगी, उसके मुताबिक चुनी गई टीम को संतुलित और गहराई के बेहतर संयोजन के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले एक-दो सालों के दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताओं और कुछ देशों के साथ हुए मैचों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मोर्चे पर जिन खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता साबित की और भविष्य में और बेहतर करने की उम्मीद जगाई, उनके टीम में शामिल होने की उम्मीद पहले भी जताई जा रही थी। लेकिन कुछ ऐसे खिलाड़ियों को लेकर आशंका बनी हुई थी, जिनका अनुभव टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी माना जा रहा था, लेकिन उनके सामने स्वास्थ्य चुनौतियां थीं। मसलन, विकेट कीपर बल्लेबाज केएल राहुल टीम के एक मजबूत स्तंभ के तौर पर देखे जा रहे थे, लेकिन चोट और आपरेशन के बाद वे पिछले करीब छह महीने से अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके थे। अब उनके स्वस्थ होने से टीम में एक बड़ी कमी पूरी होने की उम्मीद बंधी है। फिर श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह ने भी चोट से उबर कर टीम में वापसी की है।

अर्ज़ किया है..!

ये कार-ए-ज़िंदगी था
तो करना पड़ा मुझे
खुद को समेटने में
बिखरना पड़ा मुझे

-अमीर इमाम

महिला जगत

चंद्रयान-3 का लैंडर बनाने वाली सुप्रिया ऐसे बनीं वैज्ञानिक

जानें इनके संघर्ष की कहानी

चांद पर पहुंचकर भारत दुनिया में रूस, अमेरिका व चीन के बाद चौथा देश बन गया। वहीं, चांद के साउथ पोल पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना है। कामयाबी के इस जश्न में आज भी भारत झूम रहा है। भारत इसे बनाने वाली टीम को भी सलाम करता है। वहीं, इस अभियान को सफल बनाने में सुप्रिया वर्मा का अहम योगदान रहा है। दरअसल, सुप्रिया वर्मा चंद्रयान-3 के लैंडर को बनाने वाली टीम का हिस्सा रही हैं। वह लगभग 15 साल से इसरो में वैज्ञानिक हैं। यहां सुप्रिया वर्मा सीनियर साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। सामाजिक और तकनीकी विकास के लिए जिस प्रकार से सुप्रिया वर्मा जैसी अन्य महिलाएं लगातार मेहनत कर रही हैं, इससे पता चलता है कि भारत का भविष्य और भी उज्जवल होने वाला है। आइए सुप्रिया वर्मा के बारे में विस्तार से जान लेते हैं।

◆ सुप्रिया वर्मा का परिवार

मुख्य रूप से सुप्रिया वर्मा झांसी की बेटी हैं। वह सिमरावारी गांव की शिव गणेश कॉलोनी की रहने वाली हैं। सुप्रिया वर्मा के पिता का नाम छिमाधर वर्मा है। वह आर्मी से रिटायर थे। रिटायर होने के बाद वह अस्पताल में मेल नर्स की नौकरी कर रहे थे। अब वे इस दुनिया में नहीं है। उनकी मां उर्मिला रानी रिटायर टीचर हैं। सुप्रिया का एक छोटा भाई भी है जिसका नाम सचिन वर्मा है। वह बीएचईएल में जॉब करता है।

◆ यहां से की पढ़ाई

सुप्रिया वर्मा बचपन से ही वैज्ञानिक बनना चाहती थी। उन्होंने कानपुर से बीटेक की। इसके बाद सुप्रिया ने ग्वालियर से एमटेक की डिग्री को हासिल किया। इसके बाद उनकी राजस्थान के कोटा निवासी रजनीश वर्मा से शादी हो गई। उनके पति सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी में सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं।

◆ ऐसे लगी नौकरी

सुप्रिया वर्मा ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद इसरो में फॉर्म फिल किया था। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि, उनका इसरो में सिलेक्शन हो जाएगा। इसलिए वह पति के साथ यूएसए चली गई। वहां जाकर सुप्रिया जॉब ढूंढने लगी। हालांकि, उनकी मां को कॉल लेटर मिला था। लेकिन उन्होंने लेटर के बारे में उन्हें नहीं बताया। क्योंकि उनको लगता था कि सुप्रिया इसरो के लिए यूएसए नहीं छोड़ेगी। एक दिन जब उन्हें कॉल लेटर का पता चला तो वह इंटरव्यू देने इसरो गई, वहां सुप्रिया का सिलेक्शन हो गया। इसके बाद उन्होंने इसरो में जॉब ज्वाइन कर ली।

◆ चंद्रयान-2 टीम का भी हिस्सा रही सुप्रिया

आपको बता दें, सुप्रिया चंद्रयान 2 टीम का भी हिस्सा रही और चंद्रयान 3 के लैंडर के एक मॉड्यूल बनाने में सुप्रिया का सहयोग रहा है। चंद्रयान-3 के लैंडिंग पर वह कहती हैं, लास्ट के मिनट बहुत भारी थे। बार-बार रोंगटे खड़े हो रहे थे। जैसे ही सफल लैंडिंग हुई, तो खुशी से झूम उठी। ये पल मेरी जिंदगी का ऐतिहासिक पल था।

Highlights

1. I am more optimistic than worried about India's future: Ex-PM Manmohan Singh
2. Spain's President Pedro Sánchez tests COVID-19 positive, to skip G20 Summit
3. Hindu temple wall painted with 'Punjab is not India' graffiti in Canada; pic surfaces
4. Constitution gives respect to Sanatana, can't eradicate it: BJP MP

Rupee falls 9 paise to settle at all-time low of 83.22 against US dollar

NEW DEIHI, (Agency). The rupee depreciated for the fourth straight day and settled 9 paise lower at its lifetime low of 83.22 (provisional) against the US dollar on Thursday amid a firm American currency and elevated crude oil prices.

Positive trend in the domestic equity markets, however, provided a cushion to the rupee, according to forex traders.

Crude oil breached the USD 90 per barrel-mark after oil producing countries agreed to extend supply cut till December this year while dollar stayed firm on safe-haven demand.

At the interbank foreign exchange, the domestic unit opened at 83.15 against the dollar and traded in the range of 83.12 to 83.22 against the greenback. It ended at the lowest level of 83.22 (provisional) against the dollar, registering a fall of 9 paise from its previous close.

On Wednesday, the rupee settled 9 paise lower at 83.13 against the dollar. Earlier, the Indian currency had closed at the same level of 83.13 on August 21.

The domestic unit has declined 60 paise since Monday when it had closed 9 paise lower at 82.71 against the greenback. On Tuesday, the unit had plunged 33 paise, the sharpest fall this week. "We expect rupee to trade with a negative bias on strong dollar and elevated crude oil prices. Disappointing European data may further support dollar. Rising US treasury yields and concerns over global economic growth may also weigh on rupee," Anuj Choudhary - Research Analyst at Sharekhan by BNP Paribas, said.

Meanwhile, the dollar index, which gauges the greenback's strength against a basket of six currencies, rose by 0.09 per cent to 104.95.

Brent crude futures, the global oil benchmark, was trading 0.39 per cent lower at USD 90.25 per barrel.

On the domestic equity market front, the BSE Sensex closed 385.04 points or 0.58 per cent higher at 66,265.56 points while the broader Nifty jumped 116 points or 0.59 per cent to end at 19,727.05 points.

Foreign Institutional Investors (FIIs) were net sellers in the capital market on Wednesday as they offloaded shares worth ₹3,245.86 crore, according to exchange data.

US investors question India's proposed e-commerce policy

NEW DEIHI, (Agency). NEW DELHI: American investors find India's proposed e-commerce policy restrictive, vague and open-ended in the form it was discussed with stakeholders on August 2, and the US may raise this issue with India, three people aware of the development said. The government is all set to unveil the e-commerce policy after completing consultation with stakeholders but companies have said they aren't still clear about the fine print of the proposed policy and that only seven salient features of the expected policy were discussed with them during

the presentation on August 2, the three added on condition of anonymity. The seven points were: making e-commerce policy congruent with the consumer protection rules; unambiguous demarcation between the marketplace model (where foreign investment is allowed) and the inventory model (where foreign direct investment is prohibited); inclusive growth of micro, small and medium enterprises (MSMEs); exports promotion through ecommerce; stricter compliance to regulatory measures; enabling free and informed choice (for consumers); and determining responsibilities of ecommerce entities. Quoting an unnamed senior official on August 20, news agency Press Trust of India (PTI) wrote that the proposed national e-commerce policy, being formulated by the commerce and industry ministry, was in the final stages of preparation and that no new draft would be issued seeking views of stakeholders.

New Delhi

19 राज्यों में भारी बारिश की संभावना, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के इन जिलों में येलो अलर्ट

नई दिल्ली, (एजेंसी) देश में मानसूनी बारिश का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान पश्चिम मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में मूसलाधार बारिश की संभावना जताई है। उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में शुक्रवार को भारी बारिश होने के आसार हैं। देश के पूर्वी हिस्से में गरज और चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को 19 राज्यों में जोरदार बारिश संभावना जताई है। इसके अगले दो दिन यानी 9 और 10 सितंबर को भी 14 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान व्यक्त किया गया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, धुले, जलगांव और नासिक जिले में

येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आठ सितंबर को इन जिलों में भारी बारिश की संभावना है। गुरुवार को हुई बारिश के कारण मुंबई के लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हालांकि, बारिश के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ा। कई जगह तो लंबे-लंबे जाम लग गए तो वहीं कई जगह सरपट दौड़ती गाड़िया रेंगती दिखाई दीं। एक वाहन चालक ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन हो गई है। गाड़ियां चलाने में दिक्कत हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने सम्मेलन स्थल भारत मंडपम के आसपास नौ-10 सितंबर को बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने अलग से जी-20 बुलेटिन जारी किया। इसके अनुसार, शुक्रवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, जबकि आठ से 10 सितंबर के बीच तापमान 35-39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।

Uttarpradesh

काशी विश्वनाथ धाम में टूटे चढ़ावे के सारे रिकॉर्ड, सावन में 5 गुना ज्यादा दान

वाराणसी, (एजेंसी) श्री काशी विश्वनाथ कॉरीडोर ने न केवल श्री काशी विश्वनाथ धाम को एक नव्य और भव्य आभा से अलंकृत किया है, बल्कि श्रद्धालुओं को भी ऐसा मोहित किया कि देश-दुनिया से बाबा भोलेनाथ के भक्त बरबस ही खिंचे चले आ रहे हैं। योगी सरकार द्वारा वाराणसी में की गई उत्तम व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने के संकल्प का परिणाम यह है कि पूरे देश में काशी धार्मिक पर्यटन के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज काशी धार्मिक पर्यटन के लिहाज से देश में मोस्ट फेवरेट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। यही कारण है कि भगवान शिव की अराधना को समर्पित श्रावण मास में यहां इस वर्ष सभी रिकॉर्ड धराशायी हो गए। इस वर्ष श्रावण माह में कुल 1,63,17,000 भक्तों ने बाबा भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं, श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर बाबा पर खूब चढ़ावा भी चढ़ाया। पिछले सावन के मुकाबले इस वर्ष सावन में बाबा को भक्तों ने 5 गुना ज्यादा चढ़ावा है। मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं को दी जा रही हैं तमाम सुविधाएं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि लोकार्पण के बाद मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं में लगातार बेहतरी का प्रयास किया गया है।

Jharkhand

प्रेमी जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा

सिर मुंडवाकर जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया

साहिबगंज, (एजेंसी) झारखंड के साहिबगंज से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां ग्रामीणों ने एक युवक और युवती को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया. इसके बाद दोनों की जमकर पिटाई की गई और उनका सिर मुंडवाकर जूतों की माला पहनाकर पूरे गांव में अर्धनग्न अवस्था में घुमाया. इस मामले में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक जिले के बरहेट थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया दोनों को रातभर बांधे रखा और उनकी जमकर पिटाई भी की.

Bihar

आरा में चेहल्लुम के ताजिया जुलूस पर पथराव, माहौल बिगाड़ने की कोशिश; दो गिरफ्तार

आरा, (एजेंसी) बिहार के आरा शहर में चेहल्लुम के मौके पर निकाले जा रहे ताजिया जुलुस पर पथराव की खबर आई है। गुरुवार देर रात जुलूस के दौरान शरारती तत्वों ने पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। अचानक ईंट-पत्थर चलने से जुलूस में शामिल लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पुलिस-प्रशासन ने मोर्चा संभालते हुए मामला शांत करा दिया गया। पत्थर लगने से दो लोगों को चोट आई है। वहीं, पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जिले में सभी जगह चेहल्लुम और जन्माष्टमी के जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए। मगर आरा के नगर थाना इलाके में जब चेहल्लुम का ताजिया जुलूस समाप्ति की ओर था। तभी शीश महल चौक पर एक घर के ऊपर से दो भाइयों ने दो-तीन ईंटें नीचे फेंक दीं। इससे जुलूस में शामिल लोगों में भगदड़ मच गई। मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों ने तुरंत वरिष्ठ पदाधिकारियों को सूचना दी और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

इसके बाद एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत माहौल पर काबू पाया गया। एसपी ने बताया कि इस दौरान किसी प्रकार की कोई तोड़फोड़ नहीं हुई है। केवल एक व्यक्ति को माथे पर चोट लगी है और एक अन्य को हाथ पर ईंट लगी।

खेल

फैंस के लिए बुरी खबर! फिर रद्द हो सकता है भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

कोलंबो। एशिया कप के सुपर-4 राउंड में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला रविवार (10 सितंबर) को होना है। दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट में यह दूसरा मैच होगा। इससे पहले दो सितंबर को ग्रुप राउंड में बारिश के कारण मैच रद्द हो गया था। भारतीय टीम को तो बल्लेबाजी करने का मौका मिल गया था, लेकिन पाकिस्तान की पारी भी शुरू नहीं हो पाई थी। अब प्रशंसक उम्मीद लगा रहे हैं कि रविवार को उन्हें पूरा मैच देखने को मिले। हालांकि, उनकी उम्मीदों को झटका लग सकता है।

दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला श्रीलंका की राजधानी कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है। कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। यहां तक कि उससे मैचों की मेजबानी वापस लेने की भी

बात हो रही थी। माना जा रहा था कि मैचों को हंबनटोटा या दांबुला में शिफ्ट कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब एशिया कप के बचे सारे मुकाबले यहीं खेले जाएंगे।

भारतीय इंडोर स्टेडियम में किया अभ्यास

कोलंबो का मौसम साफ नहीं है। इस कारण टीम इंडिया ने गुरुवार (सात सितंबर) को इंडोर स्टेडियम में अभ्यास किया। टीम मैदान पर नहीं उतर सकी। खराब मौसम के कारण टीमों की तैयारियों पर असर पड़ रहा है। रविवार को भी भारत -पाकिस्तान मैच के दिन बारिश और तूफान का पूर्वानुमान है। ऐसे में एक बार फिर टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

क्या है मौसम का पूर्वानुमान?

एक्यूवेदर वेबसाइट के मुताबिक, मैच के दिन बारिश की संभावना 90 फीसदी है। रात में आंधी-तूफान के भी आसार हैं। दिन के मुकाबले में रात में बारिश तेज हो सकती है। इसके आसार 96 फीसदी तक हैं। रात में बादल छाए रहने की उम्मीद 98 फीसदी है। वेदर डॉट कॉम ने भी बारिश की संभावना 90 फीसदी तक बताई है।

सुपर-4 में पाकिस्तान जीत चुका है एक मैच

पाकिस्तान की टीम सुपर-4 में एक मैच खेल चुकी है। उसने बुधवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बांग्लादेश को हराया था। उसकी नजर लगातार दूसरी जीत पर होगी। वहीं, भारतीय टीम का सुपर-4 में यह पहला मैच होगा। श्रीलंका की टीम भी एक भी मैच इस राउंड में नहीं खेली है। पाकिस्तान के एक मैच में दो और बांग्लादेश के शून्य अंक हैं।

मैच रद्द होगा तो क्या होगा?

भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो में मुकाबला रद्द होता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना होगा। पाकिस्तान के दो मैचों में तीन अंक हो जाएंगे। वहीं, अंक तालिका में भारत का एक पॉइंट के साथ खाता खुल जाएगा।

सिनेमा

सनी देओल को एक पाकिस्तानी ने दी धमकी, एक्टर बोले- पंगा लेना है तो आ जाओ...

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 को लेकर छाए हुए हैं। सनी की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। हर जगह सिर्फ सनी और गदर 2 की बात हो रही है। सनी इन दिनों सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हो गए हैं। वह गदर 2 से जुड़े कई पोस्ट शेयर कर रहे हैं। अब सनी ने एक वीडियो शेयर किया है जहां वह फैंस से मिल रहे प्यार को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। वहीं इसी दौरान सनी, पाकिस्तान के लोगों को करारा जवाब देते हैं जो उन पर इल्जाम लगाते हैं।

दरअसल, सनी आप की अदालत शो में पहुंचे जहां सनी से कहा गया कि सनी आप पर ये इल्जाम पाकिस्तान से लगे हैं। एक ने कहा सनी ने पहले हैंडपंप उखाड़ा था तो हमारे यहां पानी बंद हो गया था। अब खंबा उखाड़ा तो हमारे यहां बिजली नहीं आ रही। इस पर सनी ने कहा देखिए तारा सिंह जब अपने परिवार पर आता है तो कोई उसे रोक नहीं सकता। इसके बाद कहा जाता है कि एक आदमी ने कहा कि आर्मी तो दूर की बात है सनी मेरे सामने आए तो दिखाता हूं किसमे कितना दम है? इस पर सनी कहते हैं कि देखिए मैं एक एक्टर हूं और परफॉर्म करता हूं। इसे पर्सनल ना लें तो अच्छा है, लेकिन किसी को पंगा लेना है मुझसे तो आ जाए फिर।

शहर में लगातार बारिश

बीआरटीएस, बाजार और कालोनियों की सडक़ें डूबी, घरों में भी पानी घुसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मानसूनी सिस्टम एक्टिव होने के कारण इंदौर में आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। देर रात से लगातार बारिश होने के कारण शहर की कई कॉलोनियों में पानी भर गया है। बीआरटीएस, खजराना, बंगाली और पिपलियाहना चौराहा सहित आस पास की कालोनियों की सडक़ें व इलाक़े जलमग्न हो गए हैं। शहर की निचली बस्तियों सहित कई कॉलोनियां में लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। बुधवार और गुरुवार को शहर में कही हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई थी। जिसके बाद आज सुबह से ही शहर में तेज बारिश हो रही है। इंदौर में पिछले 24 घंटे में लगभग डेढ़ इंच से अधिक बारिश हो चुकी है।

सितंबर माह में यह पहली बार अच्छी बारिश की शुरुआत है। इससे पारे में भी गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आस पास रहा। वर्षा के दौरान दृश्यता गिरकर 1500 मीटर तक पहुंची और शाम तक शहर में धुंध का असर बना रहा। दिन में अधिकतम हवा 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली।

लगातार पानी से कई कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति

इंदौर में शुक्रवार आला सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है। आठ बजते-बजते तेज बारिश का दौर शुरू हुआ जो लगातार चल रहा है। बारिश के बीच इंदौर के पूर्व और पश्चिम क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई है। जिसके चलते शहर के भंवरकुआं, जीपीओ और नवलखा, देवास नाका, विजय नगर, संजय सेतु समेत कई इलाके पानी-पानी हो गए। बारिश के कारण यहां जाम की स्थिति बन गई। लोगों के घरों और दुकानों तक में पानी घुस गया है। सडक़ों में पानी और दृश्यता अधिक होने के कारण वाहन चालकों को दिन में गाडियों की लाईट चालू करनी पड़ी।

वहीं इससे मौसम में ठण्डक घुली हुई है और गर्मी से राहत मिलने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी एक-दो दिन हल्की बारिश के आसार जताए हैं। साथ ही 12 सितम्बर से बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है। अगर यह स्ट्रांग रहा तो अभी बारिश की जितनी कमी है उससे आधी की पूर्ति हो सकती है।

रिकॉर्ड देखा जाए तो 2019, 2020, 2021 और 2022 बारिश के मामले में मेहरबान रहा है। इससे पहले 2018 में जिले में औसत करीब 28 इंच ही बारिश हुई थी। जबकि जिले का कोटा 37 इंच माना जाता है। इस बार 32 इंच के करीब बारिश हुई है और अगस्त पूरी तरह सूखा गया। ऐसे में सितंबर से ही आस है, अन्यथा जिले का सामान्य कोटा भी पूरा नहीं हो पाएगा। आने वाली गेहूं फसल के लिए जरूर यह बारिश राहत दे सकती है।

कहीं कहीं यह बारिश सोयाबीन की फसलों के लिए अनुकूल है। फसलों पर सकारात्मक प्रभाव होगा। फसलों की स्थिति में सुधार होगा। जिन किसानों ने जल्दी पकने वाली सोयाबीन की किस्म लगाई है उनके खेतों में आंशिक रूप से नुकसान की आशंका है। जिले में इस वर्ष 2 लाख 13 हजार रकबे में सोयाबीन की फसल बोई गई है। इंदौर जिले में लंबे अंतराल के बाद पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश फसलों के लिए अमृत बन गई है। जिले में फसलों को नया जीवन मिला है। किसानों के चेहरे पर खुशियां लौट आई है।

रिटायर्ड ट्रेजरी अफसर ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेजाजी नगर में रहने वाले एक ट्रेजर अफसर ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह पत्नी ने उन्हें फंदे पर लटके देखा। बताया जाता है कि वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में रहे। इसके कारण उन्होंने यह कदम उठा लिया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा है।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक अरविन्द पिता महादेव शर्मा (66) निवासी श्रीकृष्ण एवेन्यू लिबोदी ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। अरविन्द रिटायर्ड ट्रेजरी अफसर है। बताया जाता है कि सुबह जब पत्नी सोकर उठी तो उन्हें फंदे पर लटके देखा। बाद में दूसर रूम में बेटी प्रतिष्ठा को सूचना की। उन्हें आसपास के लोग उतारकर सीधे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरो ने चेकअप के बाद पुलिस को सूचना की। जानकारी के मुताबिक वह इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में पदस्थ रहे है।

अरविन्द अधिकतर इंदौर के बाहर बुरहानपुर ओर अन्य जिलो में पदस्थ रहे। वह मूल रूप से शिवपुरी के रहने वाले थे। रिटायर्ड होने के पहले ही उन्होंने लिंबोदी में जमीन ली। यहां दो माह पहले ही बेशकिमती बंगला बनाया, बेटियों के साथ शिफ्ट हो गए। अरविन्द की तीनों बेटिया आईटी कंपनी में पदस्थ है। जिनमें से दो की शादी हो गई है। पुलिस के मुताबिक अभी किसी तरह का सुसाइड नोट नही मिला है।

शहर में फिर तीन स्थानों पर मोबाइल उड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मोबाइल चुराने वालों की नजर अब महंगे मोबाइल पर हैं। तीन वारदात सामने आई हैं और तीनों ही वारदातों में महंगे मोबाइल छीने और चुराए गए हैं। हालात तो ये हो गए हैं कि अब तो मोबाइल चोर मोबाइल शो रुम में डिसप्ले में रखे मोबाइल भी चुराकर ले जाने लगे हैं। तो कुछ मोबाइल चोर पता बताने के बहाने किसी को रोकते हैं और उसकी जेब से मोबाइल चुराकर ले जाते हैं। पैदल जाने वाली छात्रा के हाथ से मोबाइल लूटने की वारदात भी सामने आई है।

पहली वारदात बायपास के फिनिक्स माल में क्रोमा स्टोर में हुई। यहां डिस्प्ले में लगा आईफोन ही बदमाश ग्राहक बनकर पहुंचा और चुराकर ले गया। कनाडिया पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। दूसरी वारदात में मालवीय रसोमा चौराहे पर कुनाल नामक युवक को दो बाइक सवारों ने रोका। वह उससे पता पूछने के बहाने बातचीत करने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने कुनाल की जेब से एप्पल का आईं फोन चुराकर लिया। बाइक सवार वहां से चले गए। कुनाल ने जेब में हाथ डाला तो पता चला कि उसका मोबाइल गायब है। कुनाल के बड़े भाई राजा कुशवाह ने इस मामले में विजय नगर थाने में केस दर्ज करवाया है। तीसरी वारदात में मूलरुप से रीवा से पढाई करने आई छात्रा से बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल लूट कर ले गए। नितिका पिता मनीष चौहान अपने फ्रेंड के साथ स्कीम 74 में प्रेस्टीज बंगले के सामने से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और नितिका का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। विजयनगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों की तलाश कर रही है।

युवक की गिरने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के इंडोरामा चौराहा पर मोबाइल की दुकान का शुभारंभ बुधवार को होने वाला था। इसी को लेकर मंगलवार रात को दुकान पर सजावट का काम चल रहा था। यहां सजावट का काम करने वाले राहुल मोहन सिंह निवासी इंडोरामा काम करने के दौरान गिर गए। जिसे उपचार के लिए इंदौर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। मृतक के दो बच्चे भी है। घटना के चलते बुधवार को जिस दुकान का ओपनिंग होने वाला था। वहां पर सन्नाटा पसरा रहा। इसके साथ ही इंडोरामा चौराहा पर अन्य व्यापारियों के द्वारा भी दुकाने बंद रखी गई।

साइकिल चुराने वाले दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाश कालोनी से महंगी सायकल चोरी करने वाले शातिर बदमाशों को कनाडिया पुलिस ने गिर तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों रूपए की सायकल बरामद की है। कनाडिया पुलिस ने बताया कि पाश कालोनियों से सायकल चोरी करने वाले अमान मिर्जा निवासी शाहीबाग कालोनी, खजराना और उसके एक अन्य साथी को पकड़ा है जिनके कब्जे से पुलिस ने लाखों रूपए की साइकल बरामद की है। इनसे पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि इन लोगों ने कहां-कहां से साइकिल चोरी की हैं।

मामला मोबाइल व्यापारी की खुदकुशी का ...

एसटीएफ के सिपाही और महिला पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रायल बंग्लो में रहने वाले मोबाइल व्यापारी की मौत के मामले में ढाई माह बाद केस दर्ज किया है। इस केस में एसटीएफ के सिपाही ओर मोबाइल व्यापारी के नौकर की मां को आरोपी बनाया गया है। व्यापारी ने जून माह में भंवरकुआ इलाके की एक होटल में सुसाइड किया। यहां करीब पांच पन्नो के सुसाइड नोट में उसने पुलिस के एसआई,अपने नौकर उसकी मां,एसटीएफ के सिपाही ओर शोरूम के मालिक के नाम का जिक्र किया।

◆ एसआई,नौकर ओर शोरूम मालिक के भी नाम

राजीव ने अपनी मौत के पहले जो सुसाइड नोट लिखा। उसमें राउ थाने के जांच अफसर महेश चौहान,खुद के नौकर विकास ओर शोरूम के मालिक अशोक का भी नाम था। मामले में कमिश्नर मकरंद देउस्कर को तीन बाद राजीव की पत्नी निशाराज ने शिकायत की। कमिश्नर ने साफ तौर पर कहां था कि एसआई महेश चौहान ने जांच सही की है। वही बयान में भी उसने यही कहां,इसके चलते उसे आरोपी नही बनाया जा सकता। वही घर से सामान ले जाने के आरोप में भी एसआई के पास से किसी तरह का सामान नही होने की पुष्टी हुई। फिलहाल जांच के बाद अफसर मामले में नाम बढ़ाने की बात कर रहे है।

टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक राजीव कुमार पिता सुधीर प्रसाद शर्मा निवासी रायल बंगलो की मौत के मामले में इंदौर एसटीएफ में पदस्थ सिपाही प्रशांत सिंह ओर नर्मदाबाइ निवासी बिजलपुर को आरोपी बनाया गया है। जांच में पाया गया कि अनावेदक नर्मदाबाई चौहान द्वारा कूटरचित एग्रीमेंट के आधार पर राउ थाने में राजीव शर्मा के विरुद्व एफआईआर दर्ज कराई गई। वही प्रशांत परिहार द्वारा राजीव शर्मा के नाम पर रजिस्टर्ड एसयूवी नंबर रूक्क-09-ष्टड्ढ-9223 को अनाधिकृत रुप से अपने कब्जे में रखा गया। इस कारण से राजीव को जेल भी जाना पड़ा। इतना ही उसे जेल से आने के बाद भी आरोपी रूपयो को लेकर प्रताड़ित करते रहे। जिसके बाद राजीव ने भंवरकुआ इलाके के ग्रेड राज होटल में कमरा नंबर 304 में फांसी लगाकर जान दे दी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।